भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1923

जिसका उत्तर दिनांक 03.07.2019 को दिया जाना है

कुडनकुलम में अतिरिक्त परमाणु रिएक्टर

1923. श्री राजन बाबूराव विचारे :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तमिल नाडु के कुडनकुलम में दो अतिरिक्त परमाणु रिएक्टरों के संबंध में भारत और रूस के मध्य किसी समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं; और

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह):

(क) जी, हाँ ।

(ख) कुडनकुलम, तमिल नाडु में 1000 मेगावाट (प्रत्येक) की दो अतिरिक्त यूनिटें (कुडनकुलम नाभिकीय विद्युत संयंत्र केकेएनपीपी-5 और 6 - 2x1000 मेगावाट) स्थापित करने के लिए न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा रूसी परिसंघ के एटमस्ट्रॉयएक्सपोर्ट (एएसई) के साथ जून 2017 में एक जनरल फ्रेमवर्क करार (जीएफए) पर हस्ताक्षर किया गया ।

जीएफए पर हस्ताक्षर करने के बाद मुख्य संयंत्र बिल्डिंगों और ऑफ-शोर संरचनाओं के लिए उत्खनन कार्य चल रहा है । प्रथम प्राथमिकता डिजाइन कार्य, प्रथम प्राथमिकता उपकरण, लंबे समय तक विनिर्माण किए जाने वाले साइकल उपकरण, वर्किंग डाक्यूमेंटेशन इत्यादि हेतु ठेका संबंधी कार्य प्रगति पर है ।

****